Publication	Dainik Jagran	Date	14-06 -2017	Page No.	19
Client Name	Kamdhenu	Edition	Patna		

आर्थिक हलचल

इंटरलॉक स्टील 'कामधेनु नेक्स्ट' बाजार में

नये उत्पाद को लांच करते कंपनी के अधिकारी • जागरण

पटना : कामधेनु लिमिटेड ने मंगलवार को होटल मौर्या में 500 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर और डीलरों की उपस्थित में अपना नया उत्पाद इंटरलॉक स्टील 'कामधेनु नेक्स्ट' को लांच किया। मौके पर कामधेनु लिमिटेड के एसबी शर्मा, बिहार में कामधेनु के अधिकृत निर्माता दादीजी स्टील्स प्रा.लि. के निदेशक रमेश चंद्र गुप्ता सहित विनय सिंह, विजय गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

जीएम संतोष सिंह ने कहा कि विकासशील बिहार में नई पीढ़ी के लिए निर्माण क्षेत्र का हाईटेक उत्पाद पेश किय जा रहा है। इससे भवन निर्माण को नई मजबूती मिलेगी। यह कंस्ट्रक्शन मैटेरियल के साथ मजबूत पकड़ बनाने हुए कंक्रीट को एक यूनिट बनाता है जिससे ढाई गुना ज्यादा मजबूती मिलती है। लोग बेहतरीन उत्पाद चाहते हैं, और अब उनकी जरूरत पूरी हो गई है। रमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि बिहार के नवनिर्माण में यह उत्पाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौके पर वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त एसपी उपाध्याय ने जीएसटी के बारे में भी जानकारी दी।